भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-6356
दिनांक 02 अप्रैल, 2026 को उत्तरार्थ

एनएचपीसी में काम करने वाले कर्मचारी

†6356. श्री अब्दुल रशीद शेखः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देश में नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कारपोरेशन लिमिटेड (एनएचपीसी) में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) आज की स्थिति के अनुसार संघ राज्यक्षेत्र जम्मू और कश्मीर में एनएचपीसी लिमिटेड की विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत संविदा (अंशकालिक/नैमित्तिक) कामगारों की कुल संख्या कितनी है; और

(ग) उनकी परिलब्धियों को नियमित करने और उन्हें बेहतर प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) : दिनांक 1 मार्च, 2026 तक की स्थिति के अनुसार एनएचपीसी लिमिटेड में कार्यरत नियमित कर्मचारियों की कुल संख्या 4,590 है।

(ख) और (ग) : परियोजना से संबंधित कार्यों के निष्पादन के लिए एनएचपीसी लिमिटेड और उसके संयुक्त उद्यमों (जेवी) द्वारा दिए गए संविदाओं के निमित्त विभिन्न ठेकेदारों द्वारा संविदा कर्मचारी नियोजित किए जाते हैं। वर्तमान में, संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर में एनएचपीसी और उसके जेवी के विभिन्न परियोजना स्थलों पर विभिन्न ठेकेदारों द्वारा लगभग 13,800 श्रमिकों को काम पर रखा गया है।

एनएचपीसी लिमिटेड संविदात्मक प्रावधानों के माध्यम से यह निर्धारित करता है कि ठेकेदारों द्वारा/उनके माध्यम से नियुक्त श्रमिकों को दिया जाने वाला वेतन उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा अधिसूचित न्यूनतम वेतन से अधिक हो। वेतन संरचना में ईपीएफ, ईएसआई, बोनस और ग्रेच्युटी जैसे वैधानिक और कल्याणकारी लाभ शामिल हैं। वेतन संरचना में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के साथ-साथ मेडिक्लेम लाभ भी शामिल हैं। इसके अलावा, संविदा कर्मचारी वेतन सहित छुट्टी, राष्ट्रीय अवकाश और यात्रा-भत्ता, वर्दी तथा पोशाक के हकदार हैं।

****